CollegeDekho
Discover · Prepare · Achieve

CBSE CLASS 10 TERM 2 QUESTION PAPER

HINDI A

2021-22

Maximum Marks: 40 Duration: 2 Hours

खंड - क
(पाठ्य-पुस्तक और पूरक पाठ्य पुस्तक)

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए: 2 x 4 = 8

(क) 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर फ़ादर कामिल बुल्के का अपने शब्दों में रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए।

(ख) "फ़ादर कामिल बुल्के को ज़हरबाद से नहीं मरना चाहिए था" - लेखक ने ऐसा क्यों कहा? 'मानवीय करुणा की दिव्य चमक' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'लखनवी अंदाज' पाठ के लेखक ने सेकंड क्लास के डिब्बे की टिकट क्यों लिया?

(घ) इच्छा होते हुए भी लेखक और नवाब साहब दोनों के खीरा न खाने का कारण 'लखनवी अंदाज' पाठ के आधार पर बताइए।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए : 3 x 2 = 6

(क) पिता द्वारा भोलानाथ को खाना खिलाने के बाद भी उसकी माँ उसे खाना खिलाती थी, क्यों? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) "हम सभी नदियों और पर्वतों के ऋणी हैं" - कैसे? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'जॉर्ज पंचम की नाक' पाठ के आधार पर बताइए कि रानी एलिजाबेथ द्वितीय के भारत आगमन से पूर्व अधिकारियों को क्या चिंता हुई। देश की नाक बचाने के लिए कौन-सी जी-तोड़ कोशिशें की गई?

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 25-30 शब्दों में लिखिए: 2 x 3 = 6

(क) 'उत्साह' कविता के काव्य-सौंदर्य पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'निराला' ने 'उत्साह' कविता के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन के क्या संदेश दिए हैं? तर्कसंगत उत्तर दीजिए।

(ग) 'कन्यादान' कविता में शाब्दिक भ्रम किसे और क्यों कहा गया है?

(घ) वर्तमान में 'कन्यादान' जैसी परंपरा के औचित्य-अनौचित्य पर अपने तर्कसंगत विचार लिखिए।

खंड-ख
(रचनात्मक लेखन)

4. (क) (a) महिलाओं की सहायता हेतु स्थापित संस्था 'सहयोगिनी' के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। 2.5 x 2 = 5

अथवा

(b) सोलर कूकर बनाने वाली कंपनी 'रविरश्मि' के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

(ख) (a) 'नेत्रदान' के लिए प्रोत्साहित करने हेतु स्वास्थ्य मंत्रालय के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

अथवा

(b) योग प्रशिक्षण केन्द्र 'आरोग्य' के प्रचार-प्रसार के लिए लगभग 50 शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

5. (क) (a) आपकी बहन का चयन राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एन.डी.ए.) में हो गया है। उनके लिए लगभग 40 शब्दों में बधाई संदेश लिखिए। 2.5 x 2 = 5

अथवा

(b) मित्र / सखी को नृत्य प्रतियोगिता में सफल होने तथा प्रथम स्थान पाने के लिए लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए ।

(ख) (a) अपने मित्र को 'लोहड़ी' पर लगभग 40 शब्दों में एक शुभकामना संदेश लिखिए।

अथवा

(b) 'बाल दिवस' के सफल आयोजन के लिए छात्रों को प्राचार्य की ओर से लगभग 40 शब्दों में एक साधुवाद बधाई संदेश लिखिए।

6. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 150 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : 1 x 5 = 5

(क) पर्यावरण संरक्षण: समय की माँग

• मानव और पर्यावरण में अटूट संबंध • संरक्षण की आवश्यकता क्यों ? • संरक्षण की योजनाओं का प्रभाव • सुझाव

(ख) एक भारत, श्रेष्ठ भारत

• योजना का प्रारंभ कब ? • ऐसी योजनाओं की आवश्यकता क्यों ? • विद्यालयों में इसे कार्य रूप में कैसे लाया गया ? • प्रभाव

CollegeDekho.com Discover • Prepare • Achieve

CollegeDekho
Discover · Prepare · Achieve

(ग) ऑनलाइन शिक्षा : शिक्षा जगत में नवीन क्रांति

• वर्तमान परिप्रेक्ष्य में अनिवार्यता • सकारात्मक प्रभाव • कमियाँ • सुझाव

7. (a) आपके मित्र को ऑनलाइन शॉपिंग की लत लग गई है। इससे होने वाली हानियों से सावधान करते हुए उसे लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए। 1 x 5 = 5

अथवा

(b) अपने क्षेत्र की महिलाओं के लिए सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना हेतु मुख्यमंत्री को लगभग 120 शब्दों में पत्र लिखिए।

CollegeDekho.com
Discover · Prepare · Achieve